basis for some time, and if so, by when?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) This Ministry is not aware of any such unique discovery made by Shri Dinesh Verma in astrology. However, Shri Verma is reported to have been issued certificates by a few individuals from Bihar wherein the latter have stated that Shri Verma was applying his knowledge of astrology for establishing a link with family planning.

(b) There is no proposal to secure the services of Shri Verma on a trial basis.

मैसर्स आर०के०बी०हर्बल (प्राइवेट) लिमिटेड के विरुद्ध कार्यवाही

222. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ शीश अफजल :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री 18 दिसम्बर, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2842 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स आर० के० बी० हर्बल (प्राइवेट) लिमिटेड नई दिल्ली के विरुद्ध कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उन पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) जी, हां ।

(ख) मैसर्स आ० के० बी० हर्बल (प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध दो शिकायतें प्राप्त हुई थीं । दोनों शिकायतों की जांच पड़ताल करवाई गई । यह पाया गया कि यह फर्म 1991 में के० स० स्वा० योजना निदेशालय को होलियोपैथिक औषधों की आपूर्ति के लिए पंजीकृत नहीं की गई थी । इस समय भी यह फर्म के० स० स्वा० योजना निदेशालय से पंजीकृत नहीं है । अतः के० स० स्वा० योजन निदेशालय द्वारा इस फर्म के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है ।

237. [Transferred to the 7th May, 1992]

दिल्ली में अस्पतालों और बिस्तरों की आवश्यकता

224. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में आम आदमी के लिए अस्पतालों और बिस्तरों की आवश्यकता के संबंध में आकलन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1991 में दिल्ली की जनसंख्या के अनुसार कितने अस्पतालों और बिस्तरों की आवश्यकता है ;

(ग) क्या यह सच है कि इस आकलन के अनुसार बिस्तरों, अस्पतालों की भारी कमी है;

(घ) यदि हां, तो दिसम्बर, 1991 के अंत तक कुल कितने अस्पताल तथा बिस्तर उपलब्ध थे तथा सरकारी और निजी क्षेत्र में अलग-अलग कितने बिस्तरे उपलब्ध थे ; और

(ङ) दिल्ली के नागरिकों की इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए सरकार प्रशासन द्वारा क्या समयसीमा निर्धारित की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ) (क) स्वास्थ्य परिचर्या आवश्यकताओं का आकलन एक साथ सतत कार्य है । समग्र वित्तीय नियंत्रणों के अनुसार जरूरतों को सम्बन्धित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों जिनमें दिल्ली भी शामिल है, की वार्षिक योजनाओं और पंचवर्षीय योजनाओं में शामिल किया जाता है ।

(ख) ऐसे कोई मानक हर जगह लागू नहीं होते हैं ।